# पत्थर तोड़ रहे टीम इंडिया के पूर्व कैप्टन को जल्द मिलेगी आर्थिक मदद



बच्चों को क्रिकेट कोचिंग देते थे धामी

मजदूरी शुरू करने से पहले धामी कुछ बच्चो को पिथौरागढ़ में ही क्रिकेट कोचिंग देते थे। लेकिन लॉकडाउन के चलते बच्चो ने आना छोड़ दिया, जिसके बाद वह भी अपने गांव लौट आए। उनके घर पर बूढ़े मां–बाप के अलावा एक बहन और एक भाई भी है। लॉकडाउन से पहले भाई गुजरात के एक होटल में जॉब करता था लेकिन अब वह भी बेरोजगार है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पिथौरागढ़। भारतीय वीलचेयर क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उत्तराखंड के मौजूदा कप्तान राजेंद्र सिंह धामी इन दिनों पत्थर तोड़कर अपने परिवार की आजीविका जुटाने को मजबूर हैं। धामी पिथौरागढ़ जिले में स्थित अपने गांव रायकोट में मनरेगा योजना के तहत सड़क निर्माण में मजदूरी कर रहे हैं। लेकिन अब उनकी मुश्किलें जल्दी ही हल होती दिख रही हैं। पिथौरागढ़ के डीएम ने खेल अधिकारियों को धामी को तुरंत आर्थिक मदद मुहैया कराने को कहा है और उन्हें अब जल्दी ही राज्य की किसी स्वरोजगार योजना से लाभ मिलने की भी उम्मीद है। सोमवार को हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया में धामी की मजदूरी करने पर खबर छपी थी। अब स्थानीय प्रशासन उनकी मदद को आगे आया है। पिथौरागढ़ के डीएम डॉ. विजय कुमार जोगदांडे ने बताया, श्वर्तमान में उनके आर्थिक हालात खराब दिख रहे हैं। हमने जिला खेल अधिकारी को उन्हें तुरंत पैसा मुहैया कराने को कहा है। उन्हें मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना या किसी और अन्य स्कीम के तहत लाभ दिया जाएगा, जिससे कि वे भविष्य में अपनी आजीविका जुटा सकें।

# फैमिली के लिए जल्द रिटायर हो सकते हैं डेविड वार्नर?

## कोविड–19 प्रतिबंधों के कारण भविष्य पर पुनर्विचार कर सकते हैं वॉर्नर

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा कि उन्हें कोविड–19 प्रतिबंधों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर अपने भविष्य को लेकर पुनर्विचार करना होगा। कोविड–19 (ब्अपक–19) प्रतिबंधों के कारण खिलाड़ियों को क्वॉरनटीन की कड़ी शर्तों को पूरा करने के लिए अपने परिवार के बिना यात्रा करनी होगी। गेंद से छेड़छाड़ के कारण एक साल का प्रतिबंध झेलने के बाद सफल वापसी करने वाले वॉर्नर के परिवार में पत्नी कैंडाइस और तीन बेटियां हैं।

इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि परिवार से दूर रहना आसान नहीं होगा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार वॉर्नर ने कहा, 'निश्चित तौर पर तीनों बेटियां और मेरी पत्नी मेरे करियर का अहम हिस्सा हैं। आपको हमेशा सबसे पहले अपने परिवार के बारे में सोचना



होता है तथा क्रिकेट और इस अप्रत्याशित समय में आपको इन फैसलों को महत्व देना होता है।'

उन्होंने कहा, 'देखिए अभी मैं इसके लिए (करियर जारी रखने) प्रयास करता रहूंगा। इस बार टी20 (विश्व कप) स्वदेश में नहीं हो रहा। उसे यहां खेलना और खिताब जीतना आदर्श होता। अब उसे स्थगित कर दिया गया है। जब भारत में इसका आयोजन होगा तो मुझे इस बारे में फिर से विचार करना होगा।'

वॉर्नर कहा, 'मुझे अपनी स्थिति का आकलन करना होगा और क्या बेटियां स्कूल जा रही हैं। इनमें से बहुत कुछ मेरे फैसले का हिस्सा हैं। यह केवल इससे नहीं जुड़ा है कि मैच कब खेले जाएंगे या कितनी क्रिकेट खेली जाएगी। यह मेरे लिए बड़ा पारिवारिक फैसला है।'

इस महामारी के बीच क्रिकेट की वापसी की दिशा में कुछ कदम उठाए गए हैं। संक्रमण से बचने के लिए क्वॉरनटीन के नियम बनाए गए हैं और जैव सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेटरों के पास अपने प्रांतों में अभ्यास करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं हैं।

विक्टोरिया में कोविड–19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए वॉर्नर को लगता है कि यह प्रांत बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच सहित अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी गंवा सकता है। उन्होंने कहा, 'यह सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है। हमने प्रांतीय क्रिकेट के बारे में बात की। यह सटीक उदाहरण है। क्या विक्टोरिया शैफील्ड शील्ड क्रिकेट मैचों का आयोजन करने में सफल रहेगा। मुझे वर्तमान परिस्थितियों में यह असंभव लगता है।' वॉर्नर अफगानिस्तान और भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लाल गेंद से अभ्यास के बहुत कम मौके मिलने से भी चिंतित हैं क्योंकि इससे पहले टीम को सीमित ओवरों के अधिक मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया को सितंबर में इंग्लैंड दौरे पर जाना है।

# आईपीएल संचालन परिषद की बैठक दो अगस्त को होने की संभावना

### 19 सितंबर से आठ नवंबर के बीच खेला जाएगा टूर्नामेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद की बैठक दो अगस्त को हो सकती है जिसमें इस साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। कोविड–19 महामारी के कारण इस टूर्नामेंट का आयोजन देश से बाहर किया जा रहा है। टूर्नामेंट 19 सितंबर से आठ नवंबर के बीच खेला जाएगा।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई–भाषा से कहा, ''आईपीएल संचालन परिषद की बैठक दो अगस्त को हो सकती है। उम्मीद है कि बैठक के बाद फ्रेंचाइजी को एसओपी सौंप दी जाएगी।' इस बैठक में बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों के भाग लेने की संभावना है जिसमें अध्यक्ष सौरभ गांगुली और सचिव जय शाह भी शामिल है। इसमें विभिन्न हितध ाारकों से जुड़े मसलों पर चर्चा होगी। गांगुली और शाह का कार्यकाल समाप्त हो चुका है लेकिन इन दोनों ने लोढ़ा समिति के विश्राम काल की शर्तों में छूट देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की है जिसमें 17 अगस्त को इस पर सुनवाई होगी। इस आईपीएल में एक दिन में दो मैचों का आयोजन कम होगा जिससे प्रसारकों को फायदा होगा। मैचों का आयोजन खाली स्टेडियमों में जैव सुरक्षित वातावरण में किया जाएगा और ऐसे में फ्रेंचाइजी को 'गेट मनी' से होने वाले नुकसान भी चर्चा होगी। संभावना है कि अधिकतर फ्रेंचाइजी अपने जांच दलों को यूएई भेजकर वहां की सुविधाओं और जैव सुरक्षित वातावरण का आकलन करेंगे।


एक अन्य मसला खिलाड़ियों को परिवारों को साथ में ले जाने की अनुमति देने से जुड़ा होगा। एक फ्रेंचाइजी के आला अधिकारी ने कहा कि दो महीने के लिये खिलाड़ियों को उनकी पत्नियों या परिवार से दूर रखना गलत होगा। उन्होंने कहा, 'सामान्य समय पर पत्नियां या महिला मित्र खिलाड़ियों के साथ आ सकती हैं लेकिन अभी हालात अलग हैं।

## फ्रैंचाइजी के मन में सुरक्षा से जुड़े कई सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 19 सितंबर से आईपीएल का 13वां संस्करण करवाने का फैसला तो कर लिया लेकिन फ्रैंचाइजी के मन में इसे लेकर कुछ दुविधाएं थीं। बोर्ड अब आठों फ्रैंचाइजी के साथ स्टैंडिज ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) साझा करेगा। हालांकि बात अभी फाइनल नहीं हुई है और उससे पहले सभी हितधारकों को आने वाले दिनों में कुछ सवालों के हल तलाशने होंगे। माना जा रहा है कि सभी फ्रैंचाइजी अपनी रेकी टीम को हालात का जायजा लेने के लिए यूएई भेजेंगी। ये टीमें वहां जाकर सुविधाओं के साथ–साथ बायो–सिक्योर वातावरण को भी परखेंगी। ये चिंताएं अभी कायम हैं। कुछ फ्रैंचाइजी के सवालों का जवाब भी बीसीसीआई को देना होगा।

इस एक मुश्किल सवाल है। इसका जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि बीसीसीआई किस तरह की एसओपी जारी करेगी। एक वरिष्ठ फ्रैंचाइजी ने बताया कि खिलाड़ियों को उनके पार्टनर्स और परिवार से दो महीने के लिए दूर रखना अपराध होगा। और वह भी ऐसे वातावरण में जहां पूरे टूर्नमेंट के दौरान सोशल कॉन्ट्रेक्ट बहुत कम होगा।

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड ने कसा शिकंजा, वेस्टइंडीज के लिए जीत आसान नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड व वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच खेला जा रहा है। इस मैच में बारिश की वजह से चौथे दिन का खेल बाधित हुआ और एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य दिया है। जीत के लिए 399 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने दो विकेट पर 10 रन बनाए और अभी भी उसे जीत के लिए 389 रन बनाने हैं। इस समय समय ब्रेथवेट 2 और शाई होप 4 रन बनाकर खेल रहे थे। इस निर्णायक मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में पहले खेलते हुए 369 रन बनाए और इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 197 रन पर सिमट गई। पहली पारी में इंग्लैंड को 172 रन की बढ़त मिली और फिर दूसरी पारी में मेजबान टीम ने दो विकेट पर 226 रन बनाए और टीम की बढ़त को 398 तक पहुंचा दिया और जीत के लिए 399 का लक्ष्य दिया।

### इंग्लैंड में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मिली सामान जब्त करने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी के बीच पाकिस्तान की टीम 3–3 मैचों की टेस्ट और ज्20 सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड दौरे पर गई है। दोनों देशों के बीच 5 अगस्त से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होनी है, लेकिन इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एक बड़ी धमकी मिली है, जो कि काफी चौंकाने वाली है। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम अपने आप को एक अजीब स्थिति में पा सकती है, क्योंकि इंग्लैंड दौरे पर टीम के खिलाड़ियों के उपकरण और अन्य संपत्ति को जब्त किया जा सकता है। दरअसल, ब्रॉडशीट एलएलसी कंपनी ने पाकिस्तानी सरकार और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के खिलाफ मध्यस्थता का मुकदमा जीता है। यही कारण है कि इस कंपनी ने पहले ही पेशेवर जमानतदारों को पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की संपत्ति जब्त करने का निर्देश देते हुए अदालत के आदेशों की मांग की है और उनकी कार्रवाई दो दिनों में शुरू होगी।

### युवराज सिंह ने बताया, कैंसर से वापसी के बाद सचिन ने खेलने के लिए किया प्रेरित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युवराज सिंह के ऑलराउंड प्रदर्शन ने टीम इंडिया को 2011 वनडे वर्ल्ड कप विनर बनाने में बड़ी भूमिका निभाई, लेकिन इस वर्ल्ड कप के दौरान एक ऐसी खबर आई जिसने पूरे क्रिकेट जगत को हिलाकर रख दिया था। भारत का चहेता खिलाड़ी कैंसर से पीड़ित था और वर्ल्ड कप में मिली जीत के बाद उनका इलाज शुरू हो गया। कैंसर के बाद युवराज की वापसी तो हुई, लेकिन उनमें वो बात नहीं दिखी। उन्होंने बताया कि कैंसर से लड़ाई के बाद की उनकी जर्नी के दौरान किस तरह से सचिन तेंदुलकर ने उन्हें प्रेरित किया। युवी ने बताया कि उन्हें कहा गया कि घरेलू क्रिकेट में खेलकर अपनी फॉर्म और फिटनेस साबित करें जिससे कि उन्हें टीम इंडिया में शामिल किया जा सके। टीम इंडिया के लिए 10 से ज्यादा खेलने के बाद उनसे लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करना मुश्किल था और किस तरह से सचिन के शब्दों ने उन्हें प्रेरित किया।

### विराट ने कहा– पागल इंसान की तरह सोता था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली वर्ल्ड क्रिकेट में अपने प्रदर्शन के लिए तो जाने ही जाते हैं साथ ही साथ उनकी फिटनेस की पूरी दुनिया कायल है। विराट अपनी फिटनेस को लेकर बहुत ही सजग रहते हैं और अपने खान–पान से लेकर अपनी एक्सरसाइज पर विशेष ध्यान देते हैं। विराट कोहली ने बताया कि उनका डायट कितना खराब था और वो आइपीएल के दौरान 4–5 दिन में 40 टॉफियां खा जाते थे। उन्होंने कहा कि उनके सामने जो भी होता था वो खा जाते थे और वो बहुत ही ज्यादा सोते थे जिसमें परिवर्तन करने की जरूरत थी। विराट ने कहा कि आइपीएल 2012 के प्रदर्शन ने मुझे निराश किया और मैंने अपनी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू किया।